# राज्य वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर (म.प्र.)

## विश्व पर्यावरण दिवस
## 5 जून, 2019

राज्य वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर द्वारा अपने परिसर में दिनांक 05 जून 2019 को विश्व पर्यावरण दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यावरण दिवस की थीम **"वायु प्रदूषण''** रखी गयी। प्रातः 7.30 बजे संस्थान के प्रांगण में स्थित क्रीड़ांगन में संस्थान के अधिकारी, कर्मचारी तथा आमजनों को वायु प्रदूषण के बारे में जागरूक करने हेतु संस्थान के अधिकारियों तथा वैज्ञानिक समुदाय द्वारा व्याख्यान तथा आपसी बातचीत से वायु प्रदूषण के कारण, हानिकारक प्रभावों और प्रदूषण को सीमित करने के लिये सुझाव दिये गये।

वायु प्रदूषण विषय पर विभिन्न कक्षाओं के छात्र, छात्राओं के लिये चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसे संस्थान तथा सेंटर फॉर एन्वायरोन्मेंट एण्ड सस्टेनेबल डेवलपमेंट द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया। चित्रकला प्रतियोगिता में बच्चों द्वारा बहुत उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए वायु प्रदूषण के बारे में अपने विचारों को विभिन्न रंगों एवं कलाकृतियों के माध्यम से कागज पर प्रदर्शित किया गया।

चित्रकला प्रतियोगिता में श्री राजेश बाहुगुणा, कमिश्नर, जबलपुर संभाग, श्रीमति रजनी सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत जबलपुर, श्री आर. डी. महला, मुख्य वन संरक्षक, जबलपुर वृत्त की गरिमामयी उपस्थिति रही। साथ ही संस्थान के अरण्य वीथिका (Museum) का अवलोकन किया। चित्रकला प्रतियोगिता में विजयी छात्र, छात्राओं को संस्थान के प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं संचालक श्री गिरिधर राव द्वारा पुरस्कार प्रदान कर उत्साहवर्धन किया गया।

**05 जून 2019 को विश्व पर्यावरण दिवस कार्यक्रम अंतर्गत**
**वायु प्रदूषण विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता**
















संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यावरण दिवस की थीम ''वायु प्रदूषण'' कार्यक्रम अंतर्गत
वायु प्रदूषण मापन यंत्र से प्रर्दशन









**श्री राजेश बाहुगुणा, कमिश्नर, जबलपुर सभाग, श्रीमति रजनी सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत जबलपुर, श्री आर. डी. महला, मुख्य वन संरक्षक, जबलपुर वृत्त द्वारा संस्थान के अरण्य वीथिका (Museum) का अवलोकन**








